
हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 तपस्या ने जूनियर विश्व कुश्ती में शानदार प्रदर्शन कर जीता स्वर्ण



12 वॉलीबॉल स्पर्धा में अंडर-17 में रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



### डेंगू ने भी बढ़ाई चिंता, अब तक 15 मरीज आ चुके सामने

# जिले में बढ़े वायरल बुखार के मरीज, ओपीडी में उमड़ी भीड़





सोनीपत। रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल सोनीपत में इन दिनों बुखार और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हालात यह हैं कि सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। अस्पताल स्टाफ के अनुसार पिछले कुछ दिनों में मरीजों की संख्या सामान्य से कहीं अधिक दर्ज की जा रही है। गर्मी और बीच-बीच में हो रही बारिश को इसकी मुख्य वजह बताया जा रहा है। मौसम में बदलाव और मच्छरों के प्रकोप के कारण लोग बड़ी संख्या में बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। वहीं जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या भी बढ़ चुकी है। विभाग की तरफ से संदिग्ध जगहों पर फॉगिंग के निर्देश दिए जा चुके है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज दौ हजार से ज्यादा की ओपीडी दर्ज की जा रही है। जिसमें से करीब पांच सौ मरीज वायरल बुखार व बुखार, खांसी, जुकाम से ग्रस्त पाएं जा रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि अधिकांश मरीज वायरल फीवर, सिर दर्द, बदन दर्द और खांसी-जुकाम की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। ऐसे मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मरीजों को डॉक्टरों की सलाह पर ही दवा लेने और घर में साफ-सफाई बनाए रखने की हिदायत दी जा रही है।भीड़ बढ़ने के कारण अस्पताल प्रशासन को अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है। वहीं मरीजों और उनके परिजनों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि हल्के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय पर इलाज करवाएं।

### मौसम बदलाव बन रहा लोगों के लिए आफत

रिश के बाद शहर और आसपास के इलाकों में जलभराव ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। जिले में डेंगू के दो नए मामले सामने आने के बाद कुल केसों की संख्या 15 हो गई है। वहीं नौ मामले मलेरिया के सामने आ चुके है। इनमें से सबसे अधिक सात केस शहर सोनीपत में दर्ज किए गए हैं। कुंडली से दो, बढ़खालसा से एक, गांव पुरखास से दो, खरखौदा से एक, मुडलाना से एक और गन्नौर से भी एक केस सामने आया है। इसके साथ ही अब तक मलेरिया के नौ मामले भी सामने आए हैं। ये केस बिस्वामील, गोहाना मीनाक्षी कॉलोनी, गोविंद नगर सोनीपत, कबीरपुर, जींद रोड गोहाना, पटेल नगर, ललहेड़ी खुर्द और गांव लिवान में मिले हैं।



सोनीपत। खड़े पानी में दवाई डालते हुए स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

**डेंगू बुखार भी अपना प्रकोप बढ़ा रहा**

अस्पताल में वायरल बुखार व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। बारिश के मौसम व गर्मी ने बेहाल किया हुआ है। जिले में डेंगू बुखार भी अपना प्रकोप बढ़ा रहा है। संदिग्ध जगहों पर फॉगिंग की जा रही है। विभाग की टीमें लगातार लोगों को जागरूक करने व घर-घर जाकर लारवा की जांच कर रही है।
-डा. योगेश गोयल, नोडल अधिकारी।

## खबर संक्षेप

### लूट की वारदात करने वाले दो आरोपित पकड़े

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने के दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ऋतिक निवासी गांव पोलंगी रोहतक, जयभगवान निवासी गांव मुंगान निवासी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितो को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। अस्थावन जिला नलंदा बिहार हाल में जीएम प्लास्टिक कंपनी बड़वासनी निवासी चुन्नु रविदास ने बताया कि वह अपने दोस्त किरण के साथ कंपनी से ढाबे पर खाना लेने के लिए जा रहा था।

### किशोरी, महिला व युवती संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत।** सिविल लाइन, कुंडली व राई थाना क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से किशोरी, महिला व युवती के लापता होने के आरोप का मामले सामने आए है। परिजनों ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। परिजनों ने शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी को किसी ने अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है।

### ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव में महिला को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोहाना निवासी रोजी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी शादी वीरेंद्र नाम के युवक से हुई थी।

### बरोदा ठुठान में विशाल कुश्ती दंगल व मेला 25 को

**गोहाना।** गांव बरोदा ठुठान स्थित दादा गोसाई वाले मंदिर में 25 अगस्त को वार्षिक विशाल कुश्ती दंगल व मेला आयोजित होगा। दंगल में देश के कोने-कोने से पहलवान जोर आजमाइश करने पहुंचेंगे। हर वर्ष भादो महीने की दूज के दिन गांव बरोदा ठुठान के दादा गोसाई वाले मंदिर में वार्षिक विशाल कुश्ती दंगल आयोजित होता है और मेला लगता है। कुश्ती दंगल में अनेक दिग्गज पहलवान जोर आजमाइश करने पहुंचते हैं और मेले में भारी तादाद में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करके मन्नतें मांगते हैं। कुश्ती दंगल में पहली कुश्ती का इनाम 1 लाख रुपये, दूसरी कुश्ती का इनाम 51 हजार रुपये और तीसरी कुश्ती का इनाम 31 हजार रुपये होगा।

# इंडियन कॉलोनी की गली नंबर 1 में सीवर समस्या, फैल रही बीमारियां

- परेशान लोगों ने सीएम विंडो पर दी शिकायत, नगर निगम को भी कई बार कर चुके हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। इंडियन कॉलोनी की गली नंबर 1 में सीवर लीकेज की वजह से इकट्ठा हुआ गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

इंडियन कॉलोनी की गली नंबर 1 में सीवर लीकेज की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। लंबे समय से सीवर लाइन से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में बदबू और गंदगी फैली हुई है। लोगों का कहना है कि नगर निगम में बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। तंग आए लोगों ने सीएम विंडों पर शिकायत दी है। शिकायत पर स्थानीय निवासियों ने बताया कि सीवर का गंदा पानी न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण है, बल्कि इसने गंभीर स्वास्थ्य संकट भी खड़ा कर दिया है। पानी में पनप रहे मच्छरों की वजह से डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी बिगड़ जाते हैं, क्योंकि पानी सड़कों पर लंबे समय तक जमा रहता है। कॉलोनी के निवासी पूनम, कृष्ण, संजीत, चंद्रपाल, डॉ. पवन आर्या, देवी, नवदीप, चिंकी, सुरेंद्र, कमल, इंद्रावती, रविंद्र, सुनील देवी, अर्जुन खत्री, बिजेंद्र, सोमवीर, अंजू, सुमित्रा, आशा, सुरेश, कुलदीप सिंह, भीम सिंह, कृष्ण, सीमा, हर्ष, राजेंद्र, सुरेंद्र, पूनम, कप्तान सिंह, किरण, जसबीर, मोहन, कुलदीप, सुनीता और कपिल ने संयुक्त रूप से प्रशासन से मांग की है कि सीवर लाइन को जल्द से जल्द दुरुस्त कर स्थायी समाधान निकाला जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे नगर निगम कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।

### आढ़तियों ने एक आढ़ती पर लगाया पांच करोड़ हड़पने का आरोप

**खरखौदा।** अनाज मंडी खरखौदा के आढ़तियों ने एक आढ़ती पर धान की पेमेंट के पांच करोड़ रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। मंडी प्रधान नरेश दहिया के नेतृत्व में पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 - 24 में विशाल ट्रेडिंग कंपनी ने मंडी में धान की खरीद की थी। जिसकी कीमत लगभग 5 करोड़ बनती है। तब तो वह आढ़ती अन्य आढ़तियों की पेमेंट देने की बात करता रहा। लेकिन बाद में उसने पेमेंट देने से मना कर दिया। जिसकी शिकायत मार्केट कमेटी सचिव को दी गई। परंतु कोई समाधान नहीं निकल पाया। इस बारे में एसडीएम को भी शिकायत दी गई है। अब आढ़तियों ने मुख्यमंत्री से मिलने का भी निश्चय किया है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर उक्त आढ़ती के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।



गोहाना। सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

## मनीषा को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरे विद्यार्थी

**गोहाना।** शिक्षिका मनीषा को न्याय दिलाने की मांग की मांग को लेकर गुरुवार को विद्यार्थियों ने गोहाना में सडक़ों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने आरोपितों को खोजकर फांसी की सजा देने की मांग की। भिवानी में गांव ढाणी की बेटी मनीषा 11 अगस्त को घर से निकली थी। उसके दो दिन बाद उसका शव दूसरे गांव के खेतों में मिला था। इस घटना को लेकर समाज के हर वर्ग में आक्रोश है और लोग मनीषा को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना की छात्राओं ने शहर में सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन महिला महाविद्यालय से लेकर गोहाना-रोहतक मार्ग पर नए बस स्टैंड तक किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों विद्यार्थी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने कहा कि घटना को दस दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार करके उनको फांसी पर लटकाए। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि मनीषा हत्याकांड मामले को अब दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। प्रदर्शन में काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल रहे।

## लाइन पार इलाके में आता है गंदा पानी, टैंक की सफाई के निर्देश

- मेयर राजीव जैन ने महलाना जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

लाइन पार इलाके में लगातार गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतों पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बुधवार को महलाना रोड स्थित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक टैंक में ऊपर तक मिट्टी जमा हो चुकी है, जिसके कारण पेयजल आपूर्ति शुरू होने के पहले 10 से 15 मिनट तक गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। मेयर ने मौके पर उपमंडल अभियंता देवेंद्र खासा और सुपरवाइजर नरेंद्र को बुलाकर सारी व्यवस्था की जांच करवाई और तुरंत टैंक की गाद निकालने के निर्देश दिए। देवेंद्र खासा ने बताया कि टैंक की सफाई का कार्य एक दिन में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सिटी पुलिस स्टेशन से कालूपुर चुंगी स्थित बूस्टिंग स्टेशन तक बिछाई गई पुरानी प्लास्टिक की पाइप लाइन को बदलने के भी आदेश दिए। उन्होंने बताया कि यह लाइन जगह-जगह से टूटी हुई है, जिसके कारण सीवर का पानी मिक्स होकर सप्लाई में चला जाता है। इसके अलावा उन्होंने कालूपुर चुंगी स्थित नए बूस्टिंग स्टेशन का भी दौरा किया और मोटरों में आ रही तकनीकी खामियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। मेयर राजीव जैन ने कहा कि भारी बरसात के चलते सीवर लबालब भर गए हैं और पानी की लाइनें सीवर लाइन के साथ-साथ होने की वजह से भी गंदा पानी सप्लाई में शामिल हो जाता है। इस समस्या को दूर करने के लिए गलियों में गड्ढे खोदकर पानी की सप्लाई की जांच की जा रही है, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

### महिला से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार अदालत में पेश

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास निवासी सेक्टर-7 सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने 19 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह एक विवि में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी मुलाकात गत पांच महीने पहले विकास उर्फ विक्की के साथ उसकी पड़ोसन के माध्यम से हुई। पीड़िता ने बताया कि आरोपित विकास उसके बेटे को बैडमिंटन खिलाने के साथ मेलजोल शुरू कर दिया। जिसके बाद उसकी नजदीकियां बढ़ने लगी।

## सेहरी में विवाहिता की मौत: मृतका के परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

- केवल एक आरोपित को किया गिरफ्तार, थाने में पहुंचें ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। पुलिस थाना में एकत्रित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

सेहरी गांव में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने अभी तक केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतका के परिवार वालों का आरोप है कि उसकी की हत्या की गई है और उसमें कई लोग शामिल हैं। परिवार वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है।

इस मामले में भारी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण पुलिस थाने में पहुंचे और न्याय की मांग की। पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृतका के परिवार वाले मांग कर रहे हैं कि सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। परिवार वालों का कहना है कि पुलिस ने दबाव में आत्महत्या का मामला दर्ज किया है। जबकि उनकी बेटी की हत्या हुई है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मृतका के पति को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभी भी जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर विचार कर रही है। परिवार वालों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है।

## मासूम मौत मामला: लिफ्ट की देखरेख करने वाले ठेकेदार पर किया केस दर्ज

- लिफ्ट खराब होने की बार-बार की जा रही थी शिकायत
- लिफ्ट में फंसने से दो साल के मासूम की हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन स्थित फ्लैट में लगी लिफ्ट में दो साल मासूम की फंसने से मौत मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने लिफ्ट की देखरेख करने वाले आरोपित ठेकेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बता दें कि गांव पांची हाल में पुलिस लाइन में बने फ्लैट सी ब्लॉक में निवासी अंकित की पत्नी हरियाणा पुलिस में तैनात है। गत दिनों पहले ही कुरुक्षेत्र में तबादला होकर सोनीपत में आई थी। विभाग की तरफ से पुलिस लाइन में बने फ्लेट मुहैया करवाया गया। सोमवार देर शाम को लिफ्ट में दो साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे ने पुलिस परिवार को झंझोर के रख दिया। बच्चे की मौत के बाद फ्लैटों में मिलने वाली सुविधाओं पर सवाल खड़े होने लगे थे। मासूम की मौत के बाद पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों में डर और आक्रोश का माहौल है। लोग अब फ्लैटों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं। परिजन और कर्मचारी कह रहे हैं कि रोजाना ड्यूटी पर जनता की सुरक्षा करने वाले पुलिस जवान खुद अपने घरों में असुरक्षित जीवन जी रहे हैं। मासूम उद्वंश की मौत ने पुलिसकर्मियों के परिवारों में गहरा आघात पहुंचाया है। पुलिस ने इस संबंध में लिफ्ट की देखरेख करने वाले ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### अवैध गर्भपात की दवाइयों पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार मेडिकल स्टोर सील

**सोनीपत।** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से गर्भपात की दवाइयां बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को काबू किया है। विभाग की टीम ने निफ्टम चौक, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र से आरोपितो को काबू किया है। आरोपितो के खिलाफ कुंडली थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन डा. ज्योत्सना को सूचना मिली थी कि कुंडली क्षेत्र में अवैध रूप से एमटीपी किट सप्लाई की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने एक विशेष टीम का गठन किया, जिसमें डा. नितिन फलसवाल डा. अनमोल डा. उर्वशी और संदीप हुड्डा शामिल रहे। टीम ने महिला को मिथ्या ग्राहक बनाकर दलाल से संपर्क करवाया।

### लक्ष्मण कॉलोनी के पास अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम

# 33 फुट चौड़े सरकारी रास्ते से हटवाया अवैध कब्जा, करवाया जाएगा सड़क का निर्माण

- कब्जाधारियों ने किया विरोध
- पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया, एक-एक करके सभी कब्जे हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। अवैध निर्माण हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम ने लक्ष्मण कॉलोनी के पास अतिक्रमण हटाकर 33 फुट चौड़े सरकारी रास्ते को निर्माण के लिए खाली कराया। वीरवार दोपहर बाद शुरू हुई यह कार्रवाई करीब तीन घंटे तक चली। इस दौरान कब्जाधारियों ने निगम टीम का विरोध किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर लगातार चलता रहा और एक-एक कर सभी कब्जे हटाए जाते रहे।

नगर निगम की योजना है कि लक्ष्मण कॉलोनी से गुजरने वाले इस सरकारी रास्ते को पक्का किया जाए। इसके लिए टेंडर पहले ही जारी हो चुका है। निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व निगम की ओर से करीब एक माह पहले निरीक्षण कर रास्ते की निशानदेही की गई थी। जांच में सामने आया कि रास्ते के दोनों ओर 10 से 12 जगहों पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। निगम ने कब्जाधारियों को पहले नोटिस देकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए, लेकिन नोटिस के बावजूद किसी ने कब्जा नहीं छोड़ा। गुरुवार दोपहर बाद सहायक अभियंता अमित कुमार और भवन निरीक्षक वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान टीम के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। निगम अधिकारियों ने कब्जाधारियों से दस्तावेज दिखाने को कहा, लेकिन कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर किए गए निर्माण के कागजात नहीं दिखा सका। यहां तक कि रास्ते की जमीन पर एक निजी स्कूल का भवन भी बना रखा गया था। बुलडोजर चलने से कब्जाधारी विरोध जताते रहे, लेकिन निगम अधिकारियों ने साफ कहा कि सरकारी काम में बाधा डालने पर सीधे मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। तीन घंटे की कार्रवाई में लगभग 12 अतिक्रमण हटाए गए। टीम ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में दोबारा कब्जा करने की कोशिश की गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। निगम अधिकारियों का कहना है कि रास्ता खाली होने के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।




कहानी

अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक

आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी




ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अकसर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी

बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *




**किताब**: मारी का सफर, **लेखिका**: लावण्या कार्तिक, **अनुवाद**: सीमा, **मूल्य**: 70 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत

रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर



छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *

### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया,'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'




पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



रितेश, मटियारी



भव्या, बिलासपुर



प्रगति, बिलासपुर



गोपिका, ईमेल से



शुभम, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे **प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों का निपटारा संवेदनशीलता से करें

**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त जनशिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी, संतोषजनक और संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभागों के प्रतिनिधि समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा उनकी वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी समयबद्ध रूप से साझा करें। उन्होंने पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर प्रत्येक विभाग से जानकारी ली और उन्हें दिशा-निर्देश दिए। एडीसी लक्षित ने गुरूवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### कृषि उत्पाद-तकनीकों के बारे में किया जागरूक

**खरखौदा।** ब्लॉक खरखौदा किसान उत्पादक संगठन के साथ मिलकर फसल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील खत्री ने की। मुख्य अतिथि बहादुर गोदारा, अशोक कुमार व अजीत सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को नवीनतम कृषि उत्पादों और तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। विशेष रूप से नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी पर जानकारी साझा की गई। किसानों को बताया गया कि नैनो फर्टिलाइजर के उपयोग से न केवल पैदावार बढ़ाई जा सकती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है।

### स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक किया

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पिपली की प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जो हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार और स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्टार्टअप में सहायता हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का महाविद्यालय में सीधा प्रसारण प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन तथा प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. योगेन्द्र रांगी के संयोजन में किया गया।

*बाल भारती स्कूल में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न*

# जिला कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**विजेताओं को सहायक शिक्षा खेल अधिकारी रामबीर सिंह, मेजबान विद्यालय के निदेशक गौड़ ने पुरस्कृत किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में बरोदा रोड स्थित बाल भारती स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में विजेताओं को सहायक शिक्षा खेल अधिकारी रामबीर सिंह, मेजबान विद्यालय के निदेशक हरि प्रकाश गौड़, प्राचार्या सुमन कौशिक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के प्राचार्य सतेंद्र दहिया ने पुरस्कृत किया। जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में जिला सोनीपत क्षेत्र के विभिन्न राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाडियों ने प्रतिभागिता की। विजेता खिलाड़ियों को सोहन पाल, डीईओ ऑफिस से राकेश दत्त, अनिल कुमार, कोच भानवीर, जगमेंद्र पांचाल, राजेश, विकास, हर्ष मान, मयंक, विशाल और विकास ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

*क्षेत्र के राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूल के अंडर-14-17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की*



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

## सीनियर में तरुण और जूनियर में रंकित ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ साउथ प्वाइंट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन

साउथ पॉइंट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रणनीतिक सोच का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी में कक्षा 12वीं, साइंस के तरुण (मोटिवेशन हाउस) ने पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर कैटेगरी में कक्षा 9 से रोज के रंकित (कॉन्फिडेंस हाउस) ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। साउथ प्वाइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विजेता रहे विद्यार्थियों को जीत की बधाई दी और कहा कि चेस खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि विद्यार्थियों ने बेहतरीन रणनीति और मानसिक संतुलन का प्रदर्शन किया है। यही गुण उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाएंगे। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। असली जीत तो सीखने और निरंतर आगे बढ़ने में है।

## करादे, बॉक्सिंग व ताइक्वांडो में सरकारी स्कूल की छात्राएं प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खरखौदा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 3 छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना व स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय में पहुंचने पर तीनों छात्राओं व उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में अंडर- 17 के 52 किलोग्राम भार वर्ग में नैना ने कराटे में प्रथम, साक्षी ने अंडर- 19 के 52 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग के 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में अवनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो में डोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए कन्या विद्यालय की छात्रा ममता का चयन हुआ है। सभी विजेताओं का प्रिंसिपल सतेन्द्र दहिया, विद्यालय प्रबन्धन समिति व स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया व इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



**खरखौदा।** छात्राओं का स्वागत करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### विधायक इंदुराज अमेरिका के बोस्टन में एनसीएसएल लेजिस्लेटिव सम्मेलन से लौटे



**गोहाना।** विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) अमेरिका के बोस्टन में आयोजित एनसीएसएल लेजिस्लेटिव सम्मेलन से वापस लौटे। उनके लिए यह यात्रा एक परिवर्तनकारी वैश्विक अनुभव साबित हुई। अमेरिका के बोस्टन में 4 से 6 अगस्त तक यह सम्मेलन आयोजित हुआ। एनएलसी भारत (नेशनल लेजिस्लेटर्स' कॉन्फ्रेंस भारत) द्वारा आयोजित इस यात्रा के अंतर्गत 24 राज्यों और 21 राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 130 से अधिक भारतीय विधायकों के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर माननीय इन्दुराज नरवाल भालू ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक सत्रों में भाग लिया। सम्मेलन में विधायक ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ाज्य बजट नियोजन, मतदाता विश्वास, साइबर सुरक्षा, आवास और परिवहन नवाचार, स्वास्थ्य नीति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व विकास जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित संवाद सत्रों में हिस्सा लिया। विधायक ने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए बताया कि सम्मेलन में उनको विधायिका में उपयोगः नवीनतम प्रगति, परिवहन ढांचे के लिए प्रभावशाली रणनीतियां, विधायी निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया, आवास संकट के समाधानः रचनात्मक पहल आदि विषयों का ज्ञान प्राप्त किया।

## हमें नौकरी देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए : डा. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज में विश्व उद्यमिता दिवस के आयोजन के साथ उद्यमिता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में एमएसएमई करनाल की अतिरिक्त निदेशक डा. मीनू बाला धीमान ने छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहन दिया। इस दौरान संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मुख्यातिथि का अभिनंदन करते विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। जीवीएम की आईआईसी सैल के संयोजन में आयोजित विश्व उद्यमिता दिवस की मुख्यातिथि एमएसएमई की अतिरिक्त निदेशक डा. मीनू बाला धीमान ने कहा कि हमें नौकरी देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उद्यमिता पखवाड़ा उद्यमियों, स्टार्टअप्स और महत्वाकांक्षी व्यावसायिक लोगों के लिए एक मंच है, जहां वे एक साथ सकते हैं। विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। एक-दूसरे से सीख सकते हैं। जीवीएम की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने इस दौरान जानकारी दी कि उद्यमिता पखवाड़ा 21 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाई जाएगी।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्या एवं अन्य।

## अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया

*ब्राइट स्कॉलर स्कूल में अलंकरण समारोह का किया आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित स्कूल काउंसिल सदस्यों और हाउस लीडर्स का पदभार ग्रहण किया गया। समारोह की शुरुआत स्कूल काउंसिल और हाउस टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसमें अनुशासन और समन्वय का प्रदर्शन किया गया। युवा लीडर्स अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार होकर मार्च किया।

प्रधानाचार्या डॉ. किरण दलाल ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और विभिन्न हाउसों और स्कूल काउंसिल के नवनियुक्त लीडर्स को बैज पहनाए। स्कूल कैप्टन ने काउंसिल के सदस्यों के साथ मिलकर स्कूल के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने की शपथ ली। एक साथ दाहिने हाथ उठाकर, उन्होंने ईमानदारी, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

नवनिर्वाचित स्कूल कैप्टन नव्या, अंशिका, अंशुल और विराज ने प्रेरक भाषण दिए। प्रधानाचार्या डॉ. किरण दलाल ने परिषद सदस्यों और सदन के नेताओं को बधाई दी और उन्हें ईमानदारी, जिम्मेदारी और सेवा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

## अंशिका ने स्केटिंग में जीता कांस्य

### छात्रा का कॉलेज पहुंचने पर मिठाई खिला किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा अंशिका दहिया ने स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। प्राचार्या कंचन सीधर ने छात्रा का कॉलेज पहुंचने पर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका व कॉमर्स विभाग की अध्यापिका डॉ. मोनिका दहिया ने बताया की यह प्रतियोगिता 14 से 18 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित की गई थी। इसमें बीएससी स्पोर्टस तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका दहिया ने 200 मीटर व 1000 मीटर स्पीड स्केटिंग में कांस्य पदक हासिल कर राज्य व कॉलेज का नाम रोशन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका के साथ-साथ शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भी अंशिका को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्रा को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ी का मिठाई खिलाकर स्वागत करते प्राचार्या एवं अन्य।



**गोहाना।** समाजसेवी जय नारायण गुप्ता को सम्मानित करते मोर्चा के सदस्य।

### जय नारायण को किया सम्मानित

**गोहाना।** आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा गुरुवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। समारोह में महान समाजसेवी एवं गोभक्त जय नारायण गुप्ता को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निर्देशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा हर साल 21 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस का मुख्य उद्देश्य महान समाज सेवकों वृद्ध जनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनके योगदान को समाज में मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन वृद्धजनों के ज्ञान और अनुभव का जश्न मनाने का भी अवसर है। आयोजन की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा कि जय नारायण गुप्ता में गोसेवा, समाज सेवा, शराफत और ईमानदारी जैसे गुण कूट-कूट कर भरे हुए हैं। वे गोपाल कृष्ण गोशाला के संस्थापक और अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने समाजसेवा और गो सेवा करने का अपने जीवन में मिशन बनाया। समारोह में हर भगवान चोपड़ा, दलवीर आर्य, गुलाब खान, सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से शैक्षणिक प्रतिभा पर पड़ेगा बुरा असर : सुमन दहिया

■ जेबीएच स्कूल में छात्रों को फोन से दूर रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच स्कूल में विद्यार्थियों को मोबाइल फोन से दूर रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्या सुमन दहिया ने किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर फोन से दूरी बनाए रखने के संदेश लिखे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खेल, नाटक और अन्य गतिविधियों द्वारा फोन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया। प्राचार्या सुमन दहिया ने बताया कि मोबाइल फोन से ज्यादा नजदीकी बनाए रखने पर स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है और इसके अत्यधिक प्रयोग करने से आंखों पर दुष्प्रभाव, तनाव, अनिंद्रा और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है। मोबाइल फोन की अत्यधिक प्रयोग से बच्चों में सामाजिक कौशल और लोगों से मिलने -जुलने की क्षमता कम हो जाती है। इसके अधिक उपयोग से उनकी शैक्षणिक प्रतिभा पर भी प्रभाव पड़ता है। इसीलिए हमें मोबाइल फोन का उपयोग सीमित समय के लिए ही करना चाहिए।



**खरखौदा।** पोस्टर के माध्यम से अपने संदेश दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**सुविधा** | वार्ड 18 के लक्ष्मीनगर में नप चेयरपर्सन रजनी ने किया गली का शिलान्यास

# गली को इंटरलॉक टाइलों से किया जाएगा पक्का और पानी की निकासी के लिए पाइप दबाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगर परिषद (नप), द्वारा वार्ड 18 के लक्ष्मी नगर में गली का निर्माण करवाया जाएगा। गली इंटरलॉक टाइलों से पक्की होगी और पानी निकासी के लिए भूमिगत पाइप दबाए जाएंगे। गुरुवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने एक छोटी के हाथों से गली निर्माणकार्य शुरू करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद राम सिंह सैनी ने की।

रजनी विरमानी ने कहा कि शहर के विकास के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। नप प्रशासन द्वारा शहर में विकासकार्यों को लेकर लोगों से सुझाव मांगे जाते हैं। लोगों के सुझावों के अनुरूप ही शहर में विकासकार्य करवाए जा रहे हैं। वार्ड 18 के लक्ष्मी नगर में 5 लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण करवाया जाएगा। गली को इंटरलॉक टाइलों से पक्का किया जाएगा और पानी की निकासी के लिए दोनों ओर पाइप दबाए जाएंगे। इस अवसर पर सुशील मित्तल, श्याम सुंदर गोयल, बृजेश गोयल, सुरेश जैन, मुकेश जैन, विशाल मित्तल, मंजू बाला, भावना गोयल, ममता जैन, मीनाक्षी गुप्ता, रेखा और बबीता रानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





**गोहाना।** युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

### नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

**गोहाना।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार को गांव खेड़ी दमकन के खेल स्टेडियम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन में सोनीपत पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में गांव खेड़ी दमकन के खेल स्टेडियम में सदर थाना गोहाना के प्रबंधक निरीक्षक लाल सिंह के नेतृत्व में युवाओं को जागरूक किया गया। लाल सिंह ने कहा कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे हैं। शराब, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी व खैनी का चलन बढ़ रहा है। पहले युवा शौक के चलते नशा करता है। बाद में धीरे-धीरे इसकी लत लग जाती है और वह हेरोइन, अफीम व पोस्त जैसे जानलेवा नशे का सेवन करना शुरू कर देता है।

### खरखौदाः सीनियर नेशनल थ्रोबॉल में खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** रांची, झारखंड में आयोजित 48 वीं सीनियर नेशनल थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते तीन स्वर्ण पदक जीते। होनहार खिलाड़ी रिंकू, राहुल व आर्य ने दमदार खेल दिखाते हुए प्रदेश व विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक विजेताओं के विद्यालय लौटने पर विद्यालय प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ दीपिका दहिया व उपप्राचार्य नरेश ने खिलाड़ियों को फूलमालाओं से उनका हौसला बढ़ाया।

**सूचना**

मैं, हिमांशु मुंजाल (Himanshu Munjal) पुत्र श्री सुभाष चन्द निवासी मकान नंबर 17/436, ओल्ड डीसी रोड, नजदीक दीवान चक्की, ब्रहम कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001 बयान करता हूं कि मुझे हिमांशु (Himanshu) के नाम से भी जाना जाता है। हिमांशु मुंजाल (Himanshu Munjal) व हिमांशु (Himanshu) मेरे ही यानि एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय किसान यूनियन की राई ब्लॉक में बैठक

**राई।** भारतीय किसान यूनियन (आ.) की मासिक बैठक आज राई ब्लॉक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वेद सिंह आंतिल, जय भगवान मालिक ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पांच प्रस्ताव पारित किए गए। सबसे पहले किसानों ने गांवों की टूटी-फूटी सड़कों की समस्या उठाई और कहा कि जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कार्य करवाया जाए, ताकि किसानों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। किसानों ने कहा कि गन्ना मिल की समय रहते रिपेयरिंग करवाई जाए, जिससे पेराई सीजन शुरू होने पर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### उद्यमिता दिवस पर छात्राओं ने मुख्यमंत्री के विचार सुनें

**गोहाना।** चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में उद्यमिता दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबोधित किया। गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भी मुख्यमंत्री के विचार सुने। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज देश बदल रहा है। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्वरोजगार के प्रयास में कौशल युक्त शिक्षा पर जोर दे रहा है।

### मोबाइल चोरी की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित इरशाद व इस्माइल निवासी विकास नगर मुरथल रोड सोनीपत के है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव लहटोई अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी सुमित ने 18 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह दस साल से ट्रक चालक के तौर पर काम करता है। गत 14 अगस्त को वह अपने ट्रक में सामान लोड करके कलकता से मुरथल आया था। इसी दौरान उसका मोबाइल चोरी हो गया।

### अवैध शराब की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी मालपुर निवासी हाल जवाहर नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

उप निरीक्षण संजय की टीम ने गश्त के दौरान आईटीआई रोड सोनीपत पर बने रेलवे ब्रिज के नीचे से एक खाली पड़े लोहे के खोके के अंदर से अवैध शराब बरामद की थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## 57 किलोग्राम भार वर्ग में नार्वे की पहलवान फेलिसिटास डोमजेवा को दी मात


# तपस्या ने जूनियर विश्व कुश्ती में शानदार प्रदर्शन कर जीता स्वर्ण

*मूल रूप से झज्जर की रहने वाली है, वर्तमान में ककरोई रोड पर रहती है तपस्या*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खेलों की धरती हरियाणा ने एक बार फिर अपना परचम दुनिया में लहराया है। सोनीपत के युद्धवीर अखाड़ा की होनहार पहलवान तपस्या गहलावत ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित अंडर-20 जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में तपस्या ने नॉर्वे की पहलवान फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 से मात दी और भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

तपस्या की यह जीत सिर्फ खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि पीढ़ियों के सपनों को पूरा करने का क्षण भी है। झज्जर जिले के गांव खानपुर कलां मूल निवासी और वर्तमान में ककरोई रोड, सोनीपत में रह रही तपस्या ने अपने दिवंगत दादा और पिता का सपना साकार किया। पिता प्रमेश गहलावत, जो स्वयं पहलवान रहे लेकिन चोट के कारण अपना करियर आगे नहीं बढ़ा सके, ने बेटी का नाम 'तपस्या' रखकर उसे वही मंजिल दिलाने का संकल्प लिया था। आज वही तपस्या रंग लाई है। इस स्वर्णिम जीत तक पहुंचने का सफर आसान नहीं रहा। शुरुआती दौर में उन्होंने मंगोलिया की डोल्जोन त्सिन्गुएवा को 6-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की रोमाइसा एल खारूबी को मात दी। सबसे कठिन जंग सेमीफाइनल में थी, जहां जापान की मौजूदा चैंपियन सोवाका उचिदा के खिलाफ आखिरी पलों तक कांटे की टक्कर चली। तपस्या ने साहस दिखाते हुए 4-3 से जीत दर्ज की और फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।





सोनीपत। कुश्ती जीतने के बाद तपस्या को विजेता घोषित करते रेफरी और जीतने के बाद पदक दिखाते हुए तपस्या।

### अब सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप पर नजर

तपस्या की नजर अब सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप पर है, जो अगले महीने क्रोएशिया के जाग्रेब में होगी। इससे पहले वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत चुकी हैं—जयपुर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत, बैंकॉक एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप और राष्ट्रीय खेल देहरादून में स्वर्ण पदक।

### बचपन से शुरू हो गया था कुश्ती का सफर

तपस्या का कुश्ती सफर बचपन से ही शुरू हो गया था। मात्र दस वर्ष की आयु में उन्होंने पहली बार स्टेट स्कूल चैंपियनशिप जीती। वर्ष 2019 से वह युद्धवीर अखाड़ा, सोनीपत में कोच कुलदीप राणा और समीक्षा खरब के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रही हैं। पिता ने बेटी के प्रशिक्षण के लिए खेतीबाड़ी छोड़ दी और अखाड़े के पास ही घर बसाया ताकि हर सुविधा समय पर मिल सके। मां नवीन कुमारी भी बेटी के लिए प्रेरणास्रोत बनीं।

### कासंडी के सुमित ने जीता रजत पदक

**सोनीपत।** गोहाना के गांव कासंडी के रहने वाले और खरखौदा के अश्विनी अखाड़ा में अभ्यास करने वाले सुमित मलिक ने 57 किलो भार वर्ग में फाइनल तक का शानदार सफर तय किया। सुमित ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए टाप आठ में जगह बनाई। यहां जापान के साकामोतो रिन से 10-10 की बराबरी कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान के बागिरोव वासिफ को 9-2 से हराया। सेमीफाइनल में मोल्दोवा के बल्गारू लान को 11-3 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि उन्हें फाइनल में तुर्किये के ओजदामिरोव मैगोमेद सियाख से 8-5 के स्कोर पर हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



गन्नौर। प्रथम स्थान प्राप्त स्कूल की टीम के साथ विद्यालय प्रधानाचार्य रवींद्र धनखड़ ।

### स्कूल की वॉलीबॉल टीम ने अंडर-17 गर्ल्स प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**गन्नौर ।** रतिराम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुबडू की अंडर-17 बालिका वॉलीबॉल टीम ने जिले में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर के मैदान में संपन्न हुई, जिसमें जिलेभर की चुनिंदा टीमें शामिल हुईं। प्रतियोगिता की शुरुआत में ही रतिराम स्कूल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साबित कर दिया कि वे खिताब की प्रबल दावेदार हैं। पहले मैच में टीम को बाई मिलने के कारण सीधे दूसरे दौर में प्रवेश मिला। दूसरे मैच में रतीराम स्कूल ने जीराख स्कूल को 15-2 के अंतर से पराजित किया। फाइनल मुकाबला रतिराम स्कूल और नवज्योति स्कूल के बीच खेला गया। इसमें रतिराम स्कूल की टीम ने एक बार फिर दबदबा कायम रखते हुए 15-4 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। जीत के साथ ही रीराम स्कूल की अंडर-17 गर्ल्स टीम ने खिताब अपने नाम कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ में मिस वंशिका व मास्टर मयंक प्रथम

**गन्नौर।** बसंत विहार स्थित गायत्री विद्यापीठ में इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें गायत्री विद्यापीठ व वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल गांधीनगर के 107 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट रजनी जैन रही। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप रिफ्रेशमेंट उपलब्ध करवाए। प्रतियोगिता में मिस वंशिका व मास्टर मयंक ने प्रथम, मिस भूमि व शगुन ने द्वितीय तथा मास्टर हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडवोकेट रजनी जैन व प्रधानाचार्य शकुंतला कौशिक ने सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग में टाप 10 प्रतिभागियों में सिया, अमिता, दिशा, सारिका, जानवी, ममता, विधि, मानवी, भवी, कार्तिक, देवांश व अंशु शामिल रहे।



गन्नौर। प्रतिभागी छात्र अपने पेंटिंग दिखाते हुए साथ में एडवोकेट रजनी जैन व प्रधानाचार्य शकुंतला कौशिक।

*इनेलो का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन*

## पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने ईडी के सामने किया सरेंडर : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजपुर गांव के शिव गंगा गार्डन में इनेलो का कार्यकर्ता सम्मेलन हलका अध्यक्ष बिजेंद्र रापरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा तो बीते चुनाव में ही सत्ता से बाहर जा चुकी थी। लोग क्योंकि भ्रष्टाचार, महंगाई, कानून व्यवस्था का दिवाला निकल जाने से इस सरकार को बदलना चाहते थे, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ईडी के दबाव में भाजपा के सामने सरेंडर किया। उन्होंने जानबूझ कर हारने वाले विधायकों को टिकट दिलवाए। चौटाला ने कहा कि प्रदेश में अनियंत्रित कानून-व्यवस्था की वजह से लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब हर घर के बाहर सीसीटीवी लग रहे हैं। जनता अब भाजपा सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 25 सितंबर को रोहतक में चौ. देवीलाल के जन्मदिवस पर होने वाले सम्मान दिवस कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचकर पूरे देश को बदलाव का संदेश दें। इनेलो अध्यक्ष ने कहा कि इनेलो को जनता विकल्प के रूप में देख चुकी है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत, सेवानिवृत आईपीएस अनूप दहिया, युवा जिलाध्यक्ष विकास मलिक, महिला अध्यक्ष अनिता आंतिल, सुनील ढाका, पालेराम राठी, सतीश मलिक, आनंद सांदल, जयभगवान बैनिवाल, भुपेंद्र राठी आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मंच पर उपस्थित इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला व पार्टी के नेता।

### भाजपा विधायक होने के बावजूद खरखौदा क्षेत्र विकास से अछूता : जयवीर

**खरखौदा।** पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि ने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा ने 11 साल के शासनकाल में खरखौदा क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं कराया। खरखौदा के विकास के दावे कागजों में सिमट कर रह गये। और तो और शहर के अंदर के मार्गों की मरम्मत व रखरखाव का काम भी नहीं किया जा रहा। कांग्रेस के शासनकाल में शहर में बस अड्डा, सरकारी अस्पताल, तहसील भवन आईटीआई, कॉलेज, सीवर, बाईपास बनाए गए थे। आज आईएमटी की बदौलत क्षेत्र का जो औद्योगिक विकास हो रहा है, उसका श्रेय भी हुड्डा सरकार को जाता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधायक गलियों के निर्माण का शुभारंभ करने तक सीमित रह गये हैं और अभी तक एक भी बड़ा प्रोजेक्ट क्षेत्र के लिए ला पाने में विफल रहे हैं।

## वॉलीबॉल स्पर्धा में अंडर-17 में रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल धानोरा की अंडर-17 बालक टीम ने गन्नौर में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया था। कड़े मुकाबलों के बीच विद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम भावना का परिचय देते हुए मॉडल टाउन स्कूल को पराजित कर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का माहौल बेहद रोमांचक रहा, जहां दर्शकों ने खिलाड़ियों की फुर्ती, जोश और खेल-भावना को सराहा। विद्यालय की टीम ने प्रत्येक मैच में अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। विद्यालय के तीन खिलाड़ियों का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। स्पोर्ट्स इंचार्ज विनीत दहिया तथा वॉलीबॉल कोच दिनेश का मार्गदर्शन खिलाड़ियों की सफलता में मील का पत्थर साबित हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और लगन का परिणाम है।



राई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता व कोच विजेता खिलाड़ियों के साथ।




सोनीपत। प्रतिभागी छात्रों के साथ कॉलेज निर्देशक एवं अन्य।

### स्वदेशी ए बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता में वासुदेव और भावना रहे प्रथम

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष में स्वदेशी ए बिजनेस आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का थीम 'स्थानीय से वैश्विक तक' 'फ्रॉम लोकल स्ट्रीट्स टू ग्लोबल फीट्स' रखा गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में स्थानीय ब्रांड, संस्कृति और उत्पादों के प्रचार प्रसार के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और स्वदेशी विचारों की ओर प्रोत्साहित करना रहा। इसमें संस्थान के सभी डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों ने अपनी नवाचार पूर्ण व्यावसायिक योजनाओं को प्रस्तुत करते हुए भारतीय उत्पादों और सेवाओं के उपयोग पर बल दिया। इस विचार प्रस्तुति में प्रथम स्थान पर वासुदेव और भावना रहे। यह कार्यक्रम कॉलेज निर्देशक डॉ. शिवानी ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने विजेता छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की संयोजक विनीत शर्मा और पूनम माथुर रहे। इस अवसर पर कुलदीप दहिया, अजय बजाज, मोनिका ढुआ, विनीत गोयल, कनिका, अलका अग्रवाल और राजीव त्यागी उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखें और अपनी संस्कृति का सम्मान करें : अंकिता

- संस्कृति : चीनी मिल में भगवान श्रीकृष्ण का छठी पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी पर्व मनाया गया। समारोह का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ में मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली और भगवान श्रीकृष्ण को नमन किया। यज्ञ के बाद भंडारा लगाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने कहा कि दुनिया में अपनी पहचान को मजबूत बनाने के लिए अपने सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखें। अपनी संस्कृति का हमेशा सम्मान करें। समारोह में एमडी अंकिता वर्मा, मिल के मुख्य लेखा अधिकारी जितेंद्र शर्मा, क्रय अधिकारी संदीप नरवाल, मुख्य अभियंता अनिल चौहान, एसडीई आरके सिंह, सहायक क्रय अधिकारी अनिल वर्मा, नरेंद्र मुद्गिल, जोगेंद्र मलिक, सुभाष रोहिल्ला, राजेंद्र कुंडू और मोहित मूंगा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने हवन में आहुति डाली।



गोहाना। भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करते हुए मिल के अधिकारी और कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

### किसानों ने लघु सचिवालय पर किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** लगातार बारिश से गांव बड़वासनी, बागडू, रतनगढ़, जटमाजरा और हुल्लाहेड़ी के खेतों में कई फुट पानी भरने से धान, ज्वार, बाजरा और गन्ने की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। इससे नाराज किसानों ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, जिला पार्षद प्रतिनिधि वाइस चेयरमैन मोनू बगरू, जिला पार्षद सुरेश में के नेतृत्व में जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सोनीपत को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम सोनीपत ने किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी। संजय बड़वासनिया ने आरोप लगाया कि डैन की सफाई केवल कागजों तक सीमित रही, जमीन पर कोई कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पाई और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि कल तक पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो जिला उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी और परसों से धरना शुरू किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि सरकार स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों को प्रति एकड़ 60 हजार रुपये मुआवजा दे। मौके पर तार सिंह, कर्मवीर, राजवीर, रणवीर, संदीप, कुलदीप, योगेश, जगविंदर समेत कई किसान मौजूद रहे।




सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### सभा में मनीषा हत्याकांड में निष्पक्ष जांच की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** नागरिक अधिकार मंच सोनीपत एवं आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू के तत्वावधान में महिला व पुरुषों ने वीरवार को डीसी कार्यालय धरना स्थल पर इकट्ठे होकर सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी ने की। मंच का संचालन सिल्क राम मलिक ने किया। इस अवसर पर नागरिक अधिकार मंच के संयोजक एडवोकेट कपिल बल्याण ने बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। सरेआम बहन बेटियों की हत्या दिन प्रतिदिन की जा रही है। फिरोती मांगी जा रही है, नशा तस्करी वाले सरेआम खुले घूम रहे हैं। प्रदेश की पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पुलिस का कार्य केवल राजनेताओं की व उनके रिश्तेदारों की आओ भगत तक सीमित रह गया है। आम जनता के लिए सेवा सुरक्षा सहयोग का नारा नकली बन चुका है। इस अवसर पर मनीषा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच के लिए एक ज्ञापन डीसी सोनीपत को सौंपा गया।

**धर्म-कर्म** भाद्रपद की अमावस्या आज से शुरू होकर कल तक रहेगी

# शनि अमावस्या पर गंगा स्नान से प्राप्त होते हैं पुण्य

## शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या के अशुभ प्रभावों से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सनातन धर्म में अमावस्या तिथि का अत्यंत विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि इस दिन गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का क्षय होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही यह तिथि पितरों को समर्पित मानी जाती है। इस दिन तर्पण और पिंडदान करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-शांति व समृद्धि आती है। आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार इस बार भाद्रपद मास की अमावस्या 22 अगस्त को सुबह 11.55 बजे से प्रारंभ होकर 23 अगस्त को सुबह 11.35 बजे तक रहेगी। चूंकि उदया तिथि 23 अगस्त को पड़ रही है और यह दिन शनिवार का है, इसलिए इसे शनि अमावस्या के रूप में मनाया जाएगा। ज्योतिष शास्त्र में शनि अमावस्या का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए विशेष उपायों से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या के कारण मिलने वाले अशुभ प्रभावों से राहत मिलती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन शनि देव को सरसों का तेल चढ़ाना विशेष फलदायी होता है। अगर मंदिर में शनि देव की मूर्ति विराजमान है, तो उनके पैर के अंगूठे पर ही तेल अर्पित करना चाहिए। वहीं, यदि वे शिला रूप में स्थापित हैं, तो पूरी शिला पर तेल चढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही सूर्यास्त के बाद पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना भी शुभ माना जाता है। ऐसा करने से जीवन में सुख, शांति और संपत्ति का वास होता है।

### दान पुण्य का भी विशेष महत्व

इस अवसर पर दान-पुण्य का भी विशेष महत्व है। शनि से संबंधित वस्तुएं जैसे सरसों का तेल, काले तिल, उड़द की दाल और लोहे की वस्तुएं दान करना चाहिए। इसके अलावा गरीबों को भोजन कराना, कपड़े, जूते, छाता और धन आदि का दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, शनि के कष्टों से मुक्ति पाने का सबसे श्रेष्ठ उपाय बजरंगबली की आराधना करना है। मान्यता है कि हनुमान भक्तों को शनि देव कभी कष्ट नहीं देते। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि इस शनि अमावस्या पर श्रद्धालु स्नान, दान और पूजा-पाठ के साथ-साथ ध्यान और साधना भी करें। इससे न केवल ग्रह दोषों का निवारण होता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्यों में सफलता प्राप्त होती है।